# शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी जिला धमतरी छ0ग0

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

### बैठक दिनांक 01.02.2021, सोमवार

आज **दिनांक 01.02.2021, सोमवार** को अपरान्ह 3.00 बजे महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो.राजकुमार राठौर की अध्यक्षता में महाविद्यालय परिसर के कक्ष क्रमांक–08 में आयोजित की गई । बैठक में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निम्नांकित सम्माननीय सदस्य गण उपस्थित रहे।

हस्ताक्षर

01. प्रो.राजकुमार राठौर, प्रभारी प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख – (अध्यक्ष) –
02. श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व), नगरी – (सदस्य) –
03. प्रो.एम.के.शर्मा – (सदस्य) –
04. प्रो.जयेश करंजगांवकर – (सदस्य) –
05. प्रो.राजाराम मेहरा – (सदस्य) –
06. प्रो.एस.आर.दर्रो – (सदस्य) –
07. श्री डी.सी.खेलन – (सदस्य) –
08. श्री रविशंकर दुबे – (सदस्य) –
09. श्री पी.के.राजन – (सदस्य) –
10. श्री भूषण साहू – (सदस्य) –

आज आयोजित बैठक में माननीय प्रभारी प्राचार्य प्रो.राजकुमार राठौर की अध्यक्षता में निम्नलिखित महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार–विमर्श किया जाकर आवश्यक निर्णय लिये गये–

| क. | प्रस्ताव | निर्णय | पालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 1 | सर्वप्रथम विगत आयोजित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) की बैठक मे लिये गये प्रस्तावों एवं लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया । | बैठक में सभी सदस्यों ने पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय / प्रस्तावों का अनुमोदन किया | अनुमोदित |
| 2. | आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) की विगत बैठक में लिये गये निर्णयों के पालन प्रतिवेदन से माननीय उपस्थित सदस्यगणों को अवगत कराया गया । | अवलोकन उपरांत सर्वानुमति से अनुमोदित किया गया । | अनुमोदित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03 | आज आयोजित बैठक में महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन एवं प्रत्यायन हेतु दिनांक 11 एवं 12 फरवरी 2021 को नैक पियर टीम आगमन की तिथि से संबंधित विधिवत् सूचना सम्माननीय सदस्यगणों को दी गई एवं महाविद्यालय द्वारा की गई। अब तक की तैयारियों से सदस्यगणों को अवगत कराया गया। | उक्त तथ्य/सूचना के संज्ञान में उपस्थित सदस्यगणों ने आश्वासन प्रदान किया कि यदि नैक पियर टीम की महाविद्यालय आगमन पर यदि सदस्यों की उपस्थिति की आवश्यकता हो तो इसके लिए सभी सहमत है। | उक्त विषय पर चर्चा के दौरान प्रभारी प्राचार्य ने प्फ।ब् के सभी सदस्यों को नैक पीयर टीम से चर्चा के अनुक्रम में शामिल होने हेतु सादर आमंत्रित किया गया। |
| अ. | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्यः–<br>बैठक में माननीय सदस्य श्री रविशंकर दुबे जी महाविद्यालय में शहीद सुखराम नागे के जीवन वृत्त को अंकित करने एवं उनकी पाषाण प्रतिमा.स्थापित किए जाने का सुझाव दिया। | उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। | उक्त निर्णय के शीघ्र क्रियान्वयन का दायित्व महाविद्यालय के रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजाराम मेहरा को प्रदान किया गया। |
| ब. | बैठक में सम्माननीय सदस्यगणों ने छात्र–छात्राओं की सुविधा हेतु PUBLIC ANNOUNCEMENT SYSTEM एवं इलेक्ट्रानिक डिस्पले बोर्ड के संस्थापन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली एवं इसे महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की बैठक में भी एक प्रस्ताव के रूप में रखने का सुझाव दिया। | सदस्यगणों के उक्त प्रस्तावद पर शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकुमार राठौर द्वारा प्रदान किया गया। | प्रक्रियाधीन |

अंत में बैठक में उपस्थित समस्त सम्माननीय सदस्यगणों ने उपरोक्त प्रस्तावों एवं संपादित गतिविधियों पर गंभीरता पूर्वक विचार–विमर्श कर उनके परिपालन किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया तथा उन्हे पारित किया गया। अंत में बैठक के अध्यक्ष माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा बैठक समाप्ति की घोषणा की जाकर आभार ज्ञापित किया गया।

01/02/2021

प्रो. मनोज कुमार शर्मा
(IQAC) संयोजक

01/02/2021

राजकुमार राठौर
प्रभारी प्राचार्य
प्रभारी प्राचार्य
शास.सुखराम नागे महाविद्यालय
नगरी,जिला धमतरी (छ.ग.)

# शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी जिला धमतरी छ0ग0

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

### बैठक दिनांक 26.08.2020, बुधवार

आज दिनांक 26.08.2020 दिन बुधवार को अपरान्ह 12.00 बजे महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो.राजकुमार राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसमें महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निम्नांकित सम्माननीय सदस्य गण उपस्थित रहे।

| | | | | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 01. प्रो.राजकुमार राठौर, प्रभारी प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख | – | (अध्यक्ष) | – | |
| 02. श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व), नगरी | – | (सदस्य) | – | |
| 03. प्रो.एम.के.शर्मा | – | (सदस्य) | – | 26/8/2020 |
| 04. प्रो.जयेश करंजगांवकर | – | (सदस्य) | – | |
| 05. प्रो.राजाराम मेहरा | – | (सदस्य) | – | |
| 06. प्रो.एस.आर.दर्रो | – | (सदस्य) | – | |
| 07. श्री डी.सी.खेलन | – | (सदस्य) | – | |
| 08. श्री रविशंकर दुबे | – | (सदस्य) | – | |
| 09. श्री पी.के.राजन | – | (सदस्य) | – | |
| 10. श्री भूषण साहू | – | (सदस्य) | – | |

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने महाविद्यालय की अधोसंरचना एवं शैक्षणिक प्रगति व लंबित परीक्षाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की । बैठक में कोविड–19 महामारी के राज्य में बढ़ते संक्रमण से बचाव एवं अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को इस बीमारी से बचाव एवं जागरुक किये जाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार के लिये उठाये जा सकने वाले सभी आवश्यक प्रयासों पर चर्चा की गई । आज की महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वप्रथम थर्मल स्कैनर मशीन से अपनी जांच करवाकर एवं सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए निम्नलिखित आवश्यक महत्वपूर्ण निर्णय लिये–

| क. | प्रस्ताव | निर्णय | पालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 1 | सर्वप्रथम विगत आयोजित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) की बैठक मे लिये गये प्रस्तावों एवं लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया । | बैठक में सभी सदस्यों ने पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय / प्रस्तावों का अनुमोदन किया | अनुमोदित |
| 2. | आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) की विगत बैठक में लिये गये निर्णयों के पालन प्रतिवेदन से माननीय उपस्थित सदस्यगणों को अवगत कराया गया । | अवलोकन उपरांत सर्वानुमति से अनुमोदित किया गया । | अनुमोदित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03 | बैठक में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के (IQAC) मनोनीत सदस्यगणों में पूर्व संस्था प्रमुख एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी के स्थानांतरण दिनांक 27.12.2019 के पश्चात् प्रो. आर.के. राठौर प्रभारी प्राचार्य के रूप में शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के अध्यक्ष के रूप में मनोनयन का अनुमोदन एवं मानवीय सदस्यों की अभिस्वीकृति हेतु प्रस्ताव रखा गया जिस पर सभी सदस्यों ने सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की। | सहमत | बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के स्थानांतरण दिनांक27.12.2019 के पश्चात् प्रो. आर.के. राठौर प्रभारी प्राचार्य के रूप में महाविद्यालय के (IQAC) के अध्यक्ष के रूप में मनोनयन पर सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई। |
| 04 | बैठक में माननीय सदस्यगणों को महाविद्यालय के प्रस्तावित नैक मूल्यांकन एवं प्रासाधन के परिप्रेक्ष्य में नैक परिषद बैंगलोर द्वारा महाविद्यालय द्वारा प्रेषित संस्था का IQAC एवं SSR की स्वीकृति के संबंधं में प्राप्त सूचना से अवगत कराया गया एवं आगामी प्रक्रिया के संबंध में सदस्यों को बताया गया।<br>उपरांत माननीय सदस्यगणों द्वारा नैक मूल्यांकन की हर संभव कोशिशों को जारी रखने हेतु प्रदान की गई। | सहमत | महाविद्यालय के प्रस्तावित नैक मूल्यांकन एवं परिप्रेक्ष्य में IIQA SSR की स्वीकृति के संबंध में सदस्यों द्वारा सुझाये गये महत्वपूर्ण उपायों एवं नैक मूल्यांकन हेतु आवश्यक प्रयास जारी रखने के तारतम्य में कार्यों में प्रगति लाई गई। |
| 05 | बैठक में IQAC के उपस्थित सदस्यगणों द्वारा राज्य में फैले COVID-19 के प्रसार एवं संक्रमण को फैलने से रोकने हेतु महाविद्यालय में सभी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण तैयारियों तथा सामाग्रीयों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किए जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया एवं अपनी सहमति प्रदान की। | प्रभारी प्राचार्य द्वारा अपवश्यक व्यवस्था तत्काल प्रारंभ किए जाने हेतु आश्वासन प्रदान किया गया। | प्रस्ताव क्रमांक 05 के परिपालन में महाविद्यालय द्वारा आवश्यक सेनेटाइजर एवं फेसमास्क तथा हैंड गल्ब्स एवं एक अतिरिक्त थर्मल गन मशीन क्रय करने की कार्यवाही की गई ताकि राज्य में फैले कोविड–19 के प्रचार प्रसार एवं संक्रमण को रोका जा सका। |
| 06 | बैठक में सम्मानीय सदस्यगणों द्वारा पुनः महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के प्रयोग में आने वाले शौचालयों के साफ–सफाई एवं मरम्मत व सुधार कार्य हेतु पुनः लोक निर्माण विभाग से संपर्क स्थापित किया, जाकर तत्काल शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने हेतु प्रस्ताव रखा जिस पर सभी सदस्यों ने शीघ्र उक्त कार्य करवाए जाने पर अपनी सहमति प्रदान की। | सहमत | पूर्व बैठक के प्रस्ताव क्रमांक 06 में महाविद्यालय भवन के साफ–सफाई एवं शौचालय के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। |
| 07 | बैठक में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के संयोजक प्रो. मनोज शर्मा ने महाविद्यालय में अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधि के परिप्रेक्ष्य में परिसर में कूड़ा–करकट के निस्तारण हेतु कंपोस्ट पीट के निर्माण का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी सदस्यों ने शीघ्र से शीघ्र उक्त कार्य को पूर्ण करवाए जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की। | महाविद्यालय भवन की पीछे की ओर स्थित आदिवासी छात्रवास से लगे बाऊंड्रीवाल की ओर कंपोस्ट पीट के निर्माण का निर्णय सर्व–सम्मति से लिया गया। | प्रस्ताव क्रमांक 07 के परिपालन में महाविद्यालय भवन के पीछे की ओर स्थित आदिवासी छात्रावास से लगे बाऊंड्रीवाल की ओर कूड़ा–करकट के निस्तारण एवं अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम की ओर कदम बढ़ाते हुए कम्पोस्ट पिट का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 08 | बैठक में महाविद्यालय के दिव्यांग छात्र–छात्राओं के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए एक रैम्प निर्माण का प्रस्ताव रखा जिस पर भी सभी उपस्थित सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। | रैम्प निर्माण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किए जाने का आश्वासन प्रभारी प्राचार्य द्वारा दिया गया। | प्रस्ताव क्रमांक 08 के परिपालन में महाविद्यालय में आने वाले दिव्यांग छात्र–छात्राओं के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए एक रैम्प निर्माण का प्रस्ताव का क्रियान्वयन किया जाकर रैंप तैयार कर लिया गया है। |

अंत में प्रभारी प्राचार्य प्रो. आर.के. राठौर ने सभी उपस्थित सदस्यों को बैठकें में अपनी उपस्थित सुनिश्चित किए जाने एवं महाविद्यालय को अपना सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किए जाने के लिए सभी सदस्यों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बैठक के तिथिवार समापन की घोषणा की।

26/8/2020

प्रो.मनोज कुमार शर्मा
(IQAC) संयोजक

26/08/2020

राजकुमार राठौर
प्रभारी प्राचार्य

प्रभारी प्राचार्य
शास.सुखराम नागे महाविद्यालय
नगरी,जिला धमतरी (छ.ग.)